दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

सत्यजय टाईम्स

SJT

वर्ष-10, अंक 358 शुक्रवार 31 दिसम्बर, 2021, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रात:कालीन संस्करण हिन्दी दैनिक

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes

# उन्नत भारत आभियान टीम ने विकिरण जांच के लिए नमूने किए एकत्रित

बल्लबगढ़, 30 दिसंबर, सत्यजय टाईम्स/सुनील अग्रवाल। वीरवार को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ की एक टीम ने उन्नत भारत आभियान के तहत गोद लिए गए गांव चंदावली का दौरा किया। प्राचार्य डॉ कृष्ण कांत के मार्गदर्शन में चंदावली गांव के यूबीए मेंबर मिस्टर सुभाष कैलोरिया और डॉ. भूपेंद्र की अगुवाई में महाविद्यालय के दस विधार्थियों की टीम ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंदवाली के विधार्थियों से संवाद किया।



उन्होंने विद्यालय के विधार्थियों को पीने योग्य जल, मृदा की उर्वरा शक्ति तथा विकिरण के प्रभावों से अवगत कराया। उनहोंने अपने व्याख्यान में भूमि तथा पानी में उपस्थित विकिरण की मात्रा के विषय मे भी बताया कि किस प्रकार ये विकिरण हमारी जीवन शैली को प्रभावित करती हैं तथा किस प्रकार प्रदूषण व विकिरण के हानिकारक प्रभावो से कैसे बचा जा सकता है। इसके बाद महाविद्यालय के विधार्थियों की टीम ने पानी व मिट्टी के कुछ नमूने एकत्रित किए। कुछ मापदंड को विधार्थियों के साथ स्कूल प्रांगण में ही टेस्ट किया गया तथा एकत्रित किए नमूने के कुछ मापदंडों के परीक्षण के लिए उन्हें महाविद्यालय की अनुसंधान प्रयोगशाला में लाया गया। अलग अलग नमूने एकत्रित करने का उद्देश्य नतीजों मे शुद्धता को स्थापित करना है। टीम उन्नत भारत अभियान जिसमें शीतल, ऋषिका, भावना, शुभम, अंजली, निशा रावत, प्रिंस हुडा, साहिल व विपिन ने स्कूल के कार्यकारी प्रिंसिपल मोहम्मद इकबाल को अग्रवाल महाविद्यालय में 1 जनवरी 2022 से प्रारंभ हो रहे दो सर्टिफिकेट कोर्सेज के विषय में अवगत कराया। छः महीने का प्रोफेशनल सर्टिफिकेट कोर्स महाविद्यालय की ओर से फ्री करवाया जा रहा है। इस कोर्स के लिए ड्रॉपआउट और पास आउट विधार्थियों का भी चयन किया गया।